जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तरांखड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित
(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

साप्ताहिक
# हमारा वतन
देश का अपना अखबार
ہمارا وطن ہفت روزہ
संस्थापित 1965


संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजय'
स्वतंत्रता सेनानी


संरक्षक
बाबू लाल सैनी


सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | YouTube Hamarawatan

वर्ष- 57 | अंक-40 | जयपुर, सोमवार, 25 अक्टूबर, 2021 | वार्षिक शुल्क 150 रुपये (एक प्रति 3 रु.) | पृष्ठ संख्या 4

# मोदी के सामने लगा कोरोना का 100 करोड़वाँ टीका

नई दिल्ली (हमारा वतन) देश ने कोरोना वैक्सीन के 100 करोड़ डोज का आंकड़ा आज सुबह 9.47 बजे पूरा कर इतिहास रच दिया है। 100 करोड़ डोज पूरे होने के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली के राम मनोहर लोहिया अस्पताल पहुंचे। वे यहां करीब 20 मिनट रहे। इस दौरान उन्होंने हेल्थकेयर वर्कर्स से बात की। कुछ दिव्यांगों और अस्पताल के सुरक्षाकर्मी और दूसरे स्टाफ से भी बात की। यहां मोदी के सामने ही बनारस के दिव्यांग अरुण राय को 100 करोड़वां डोज लगाया गया। इस उपलब्धि पर विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी प्रधानमंत्री मोदी, भारत



के वैज्ञानिकों, हेल्थवर्कर्स और आम लोगों को बधाई दी है। देश में 16 जनवरी से कोरोना वैक्सीनेशन की शुरुआत हुई थी और आखिरी 20 करोड़ डोज 31 दिन में लगे हैं। बता दें कि देश की 75 प्रतिशत युवा आबादी को कम से कम एक डोज लग चुका है और 31प्रतिशत आबादी को दोनों डोज लग चुके हैं। दुनिया में सिर्फ चीन ही ऐसा देश है जहां भारत से ज्यादा वैक्सीन लगी हैं। चीन ने 100 करोड़ डोज का आंकड़ा सितंबर में ही पूरा कर लिया था। वैक्सीन के 100 करोड़ डोज पूरे होने का ऐलान करने के लिए सरकार ने खास तैयारियां की हैं। इसके लिए ट्रेन, प्लेन और जहाजों पर लाउडस्पीकर से घोषणा की जा रही है। साथ ही 100 प्रतिशत वैक्सीनेशन पूरा कर चुके गांवों से कहा गया है कि उन्हें पोस्टर और बैनर लगाकर हेल्थ वर्कर्स का सम्मान करना चाहिए।




# मुकेश कुमार सैनी की प्रथम पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

चौमूं (हमारा वतन) शहर के रींगस रोड स्थित गणेश गार्डन में स्वर्गीय मुकेश कुमार सैनी की प्रथम पुण्यतिथि पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। रक्तदान शिविर में चौमूं विधायक रामलाल शर्मा, पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी, नगरपालिका चेयरमैन विष्णु कुमार सैनी, एमजेएफ कॉलेज के चेयरपर्सन कैलाशराज सैनी, सैनी समाज तहसील अध्यक्ष दिनेश कुमार सैनी, आरएलपी नेता छुट्टन यादव, कांग्रेस नेता अभिषेक सैनी ने शिरकत की। इस मौके पर 263 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। रक्तदान शिविर में रक्तदाताओ ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। रक्तदान शिविर संयोजक विकास सैनी ने बताया कि रक्तदान शिविर में अधिक से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया और जरूरतमंद लोगों के लिए रक्तदान किया है। इस अवसर पर विजय सैनी, आशीष सैनी, अजय सैनी, मनीष सैनी, शुभम, अरुण, रवि आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सीएम गहलोत ने दिया राज्य कर्मचारियों को दिवाली का गिफ्ट



जयपुर (हमारा वतन) राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने केंद्र की तरह राज्य कर्मचारियों का महंगाई भत्ता तीन फीसदी बढ़ाने और कर्मचारियों को दिवाली बोनस देने की मंजूरी दी है। राज्य कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 28 फीसदी से बढ़कर अब 31 फीसदी हो गया है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने महंगाई भत्ता बढ़ाने और दिवाली बोनस देने की मंजूरी दे दी है।कर्मचारियों को बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता इस साल 1 जुलाई से मिलेगा। बढ़े हुए महंगाई भत्ता का लाभ करीब 8 लाख अफसर-कर्मचारियों के साथ ही 4 लाख 40 हजार पेंशनर्स को भी मिलेगा। राज्य कर्मचारियों के अलावा वर्क चार्ज कर्मचारियों,पंचायत समिति और जिला परिषद के कर्मचारियों को भी बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता मिलेगा। 1 जुलाई से 30 सितंबर के तीन महीने का बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता कर्मचारियों के जनरल प्रोविडेंड फंड जीपीएफ खातों में जमा होगा। अक्टूबर के वेतन से बढ़े हुए महंगाई भत्ता का नकद भुगतान होगा। महंगाई भत्ता बढ़ाने से सरकार पर 1230 करोड़ का भार पड़ेगा। गहलोत सरकार ने करीब 6 लाख कर्मचारियों को दिवाली पर बोनस देने की मंजूरी दी है। गजटेड अफसरों को छोड़कर पे-मैट्रिक्स लेवल-12 या ग्रेड पे- 4800 और इससे नीचे के लेवल का वेतन ले रहे कर्मचारियों को बोनस मिलेगा। हर कर्मचारी को 6774 रुपए तक का बोनस दिया जाएगा। बोनस का 50 फीसदी पैसा नकद मिलेगा जबकि 50 प्रतिशत पैसा कर्मचारियों के जीपीएफ खाते में जमा होगा। बोनस देने से सरकार पर 500 करोड़ का खर्च अतिरिक्त करना होगा।



## अभिषेक सैनी बने जयपुर ग्रामीण जिला अध्यक्ष

चौमूं (हमारा वतन) ओबीसी महापंचायत ने जयपुर जिले में संगठन का विस्तार करते हुए जयपुर ग्रामीण जिला अध्यक्ष पद पर अभिषेक सैनी को नियुक्त किया है ।ओबीसी महापंचायत के प्रदेश महामंत्री वीरेंद्र रावणा एवं जयपुर शहर महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष शिल्पी सैनी ने बताया कि अभिषेक सैनी ओबीसी वर्ग के हित अधिकारों के लिए सजग एवं जुझारू कार्यकर्ता है तथा धरातल से जुड़े हुए हैं । इनके पदभार ग्रहण करने से ओबीसी वर्ग में आरक्षण से जुड़ी प्रत्येक जानकारी आसानी से पहुंचेगी ।

# चंद्रकला नागौरी को राजस्थान यूथ कांग्रेस में मिली बड़ी जिम्मेदारी



जयपुर (हमारा वतन) राजस्थान यूथ कांग्रेस में सेठ आर एल सहरिया महाविद्यालय कालाडेरा की अध्यक्ष चंद्रकला नागोरी को बड़ी जिम्मेदारी दी गई है । चंद्रकला नागोरी द्वारा लगातार क्षेत्र में, संगठन में तथा कोरोना महामारी में किए गए आम जनता के लिए कार्य को देखते हुए राजस्थान यूथ कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष और आधी आबादी पूरा हक प्रदेश अध्यक्ष संजीता सिहाग ने जयपुर ग्रामीण जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी चंद्रकला नागोरी को प्रदान की है । जिम्मेदारी देते हुए संजीता सिहाग ने कहा कि चंद्रकला लगातार आमजन के बीच रहते हुए हर छात्र - छात्राओं, महिलाओं की आवाज बनकर संगठन में कार्य कर रही है और हम आगे भी यह उम्मीद करेंगे कि वह मिशन को आगे बढ़ाएं ।

# पहाड़ी लोगों के स्वस्थ रहने का ये है राज - वृक्षमित्र डॉ सोनी

उत्तराखंड (हमारा वतन) देव भूमि उत्तराखंड अपनी विविधताओं के लिए जाना जाता है । जिस प्रकार से यहां के लोगों का रहन - सहन है वैसे ही यहां के लोगो का खान - पान भी है । यही खानपान यहां के लोगो को स्वस्थ रहने का राज है । आज हम बात कर रहें हैं चौलाई की जिसे रामदाना या राजगिरा भी कहते हैं । यह उत्तराखंड के अधिकतर पर्वतीय क्षेत्रों में होता है, जिसका प्रयोग लड्डू, खीर, आटा, रोटी और भी बहुत सी चीजें बनाने में किया जाता है। ग्रामीण प्रवेश में पले पर्यावरणविद् वृक्षमित्र डॉ त्रिलोक चंद्र सोनी का कहना हैं प्रकृति ने हमारे पहाड़ी उत्पादों में ही हमें पौष्टिक आहार दिया है, जिसमें चौलाई भी एक है। इसमें आयरन, कैल्शियम और प्रोटीन की भरपूर मात्रा होती है। चौलाई में कई पोषक तत्व होते है जो कई बीमारियों के उपचार में इस्तेमाल किया जाता है। चौलाई का आटा प्रोटीन और मिनरल्स का अच्छा स्रोत है, जिसके पत्ते की सब्जी बनाई जाती है। मिनरल्स, विटामिन्स, फोलेट, आयरन और



सेलेनियम आदि पोषक तत्वों से भरपूर चौलाई पेट और त्वचा के लिए बहुत फायदेमंद होती है। इसके सेवन से शरीर किसी भी तरह के इंफेक्शन से लड़ने के लिए तैयार हो जाता है । पहाड़ो में लाल मैरून व क्रीम कलर की चौलाई पाई जाती है, जिसमें विटामिन सी,ए, फोलेट, जिंक और विटामिन ई होता है ,जो इम्यूनिटी बूस्टर है । यही नही पहाड़ो में पल्टी, फाफर, चिणा, तोरई भी होती है जो शरीर के लिए बहुत ही लाभकारी है । ये फसलें हमारे रोजगार के स्रोत भी है । आज जरूरत हैं तो इन्हें बढ़ावा देने की ताकि ऐसे पौष्टिक बूस्टर आहार को बाजार मिल सके।

## शिक्षा विभाग द्वारा सितम्बर माह के लिए रैंकिंग ज़ारी, चूरू ज़िला रहा प्रदेश में प्रथम

जयपुर(नि.सं.)। सितम्बर माह के लिए शिक्षा विभाग द्वारा संयुक्त ज़िला रैंकिंग गुरुवार को ज़ारी कर दी गई है। शाला दर्पण पर उपलब्ध डाटा के आधार पर तैयार की गई इस रैंकिंग में चूरू ज़िला प्रदेशभर में प्रथम स्थान पर रहा है तथा जयपुर व अलवर को क्रमशः दूसरी ओर तीसरी रैंक प्राप्त हुई है।

# प्रोटोन संस्थान से जेई एडवांस में तीन विद्यार्थियों का हुआ चयन



जयपुर (हमारा वतन) चौमूँ स्थित प्रोटोन संस्थान से जेई एडवांस में तीन विद्यार्थियों का 12 वीं के साथ चयन हुआ है। सम्मान समारोह के दौरान संस्था निदेशक वेद जाखड़ ने बताया कि आई.आई.टी. जैसे बड़े एग्जाम में अच्छी रेंक हासिल कर चौमूँ क्षेत्र का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया । जबकि जेई मेन्स में प्रोटोन से कुल 7 विद्यार्थियों का चयन हुआ था। इनमें अभयपुरा डूंगरी के अभिमन्यु मीणा ने 12 वीं के साथ एडवांस में कैटेगिरी रैंक 164 हासिल की । जबकि मौरिजा के भरत प्रजापत ने 12 वीं के साथ 3314 रैंक व लालासर के विजेन्द्र डकरवाल ने 12 वीं के साथ 4320 रैंक हासिल की। प्रोटोन संस्थान द्वारा इन विद्यार्थियों को सम्मानीत किया गया। निदेशक वेद जाखड ने बताया कि पिछले तीन वर्षो से लगातार प्रोटोन के विद्यार्थियों ने जेईई व नीट जैसी परिक्षाओं में अच्छी रेंक के साथ सफलता हासिल की है और कोरोना की विपरीत परिस्थितीया होते हूए भी इस सत्र में विद्यार्थीयों का परिणाम ऐतिहासिक रहा । सलेक्टेड विद्यार्थी अभिमन्यु मीणा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता - पिता और गुरूजनों को दिया तथा बताया कि प्रोटोन की नियमित व ऑनलाईन कक्षाओं की सहायता से वह इस मंजिल को प्राप्त कर पाया ।

# देवथला में प्रशासन गांवों के संग अभियान शिविर आयोजित

जयपुर (हमारा वतन) प्रशासन गांवों के संग अभियान-2021 के अंतर्गत ग्राम पंचायत देवथला में शिविर आयोजित किया गया। शिविर में उपखंड अधिकारी राहुल जैन, शाहपुरा विधायक आलोक बेनीवाल, चौमूं पूर्व विधायक भगवन सहाय सैनी और सरपंच कोयली देवी दुसाद के सान्निध्य में संपन्न हुआ । शिविर में 22 विभागों ने भाग लिया। सरपंच प्रतिनिधि और पूर्व जिला पार्षद हनुमान सहाय दुसाद ने बताया कि इस दौरान राजस्व विभाग में 22 नामान्तरण स्वीकार हुए, 43 शुद्धिकरण व 53 विभन्न प्रमाण पत्र जारी किए गए।पंचायतीराज विभाग में 6 पट्टे मौके पर लाभार्थियों को दिए गए, 2 नवीन नरेगा जॉब कार्ड जारी किए गए, 2 जन्म प्रमाण पत्र जारी किए गए। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग में पालनहार नवनीकरण के 14 आवेदन स्वीकृत किए गए व मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के 2



आवेदन स्वीकृत किए गए । खाद्य आपूर्ति विभाग में 25 लाभार्थियों के गेंहू वितरण का सत्यापन किया गया। ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं का समाधान शिविर में किया । महिला महाविद्यालय महाविद्यालय हेतु भूमि आवंटन, पेयजल समस्या व सड़कों की मांग रखी गई । शिविर में तहसीलदार कृष्णा शर्मा ,गोविंदगढ़ विकास अधिकारी भागीरथ मीणा, नायब तहसीलदार भैरू राम कुमावत, गोविंदगढ़ प्रधान रामस्वरूप यादव, जिला परिषद सदस्य पवन वर्मा, पंचायत समिति सदस्य हरफूल कुमावत, पूर्व पीसीसी सदस्य रमेश गुलिया, जावेद पठान आदि मौजूद रहे ।



## पंडित रविंद्र आचार्य ने पुलिस उपायुक्त पश्चिम ऋचा तोमर का किया सम्मान

जयपुर (हमारा वतन) तारा ज्योतिष साधना केंद्र के अध्यक्ष और अंतरराष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविंद्र आचार्य ने पुलिस उपायुक्त पश्चिम ऋचा तोमर का सम्मान किया । सम्मान स्वरूप पुष्पगुच्छ और बाबा श्याम का दुपट्टा ,श्याम कलम भेंट कर सम्मानित किया। अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविंद्र आचार्य ने पुलिस उपायुक्त जयपुर ऋचा तोमर से कानून व्यवस्था को लेकर कई बातों पर चर्चा की । इस दौरान राहुल दाधीच ,अमित आचार्य भी मौजूद रहे ।



## अलख जगाओ

पेड़-पौधे और वनस्पति
हैं आभूषण इस धरा के
सुन्दरता संग देते प्राणवायु सभी को

वन पर्वत नदिया सागर
बढ़ाते गरिमा धरती की
मानव तुम न करो इसकी क्षति

जीव जंतु हैं सभी
अंग इस धरती के
ना इसको नुक्सान पहुँचाना तुम

करो रोग मुक्त धरती को
प्लास्टिक इस पर से तुम हटाओ
खनन करके न करो इसका दोहन

रखो हरी भरी इसे तुम
जैव विविधता के संरक्षण की
अलख जगाओ धरती पर तुम



योगिता शर्मा
प्रधानाचार्या
वेदांता इंटरनेशनल स्कूल,जयपुर

# ज़िन्दगी और मौत से लड़ रहे लोगों की मदद कर रहे पवन सोलंकी



मध्यप्रदेश (हमारा वतन) हिंदूवादी नेता पवन सोलंकी ज़िन्दगी और मौत से लड़ रहे लोगों की मदद कर रहे है । पवन स्कूल और कॉलेज समय से ही ग़रीब और बेसहारा परिवार की हर संभव मदद करते आएं हैं । पवन सोलंकी ने अब तक तड़पती हुई हज़ार से भी ज्यादा गौ माता की जान बचाई है । सड़क हादसों को रोकने के लिए सर्वप्रथम भोपाल में गौ माता के सिंग पर लाल रेडियम लगाया था, ताकि कोई बड़ा हादसा ना हो । इस लाल रेडियम से रात्रि में चल रहे वाहन चालक को दूर से ही पता चल जाता है की रोड़ पर गौ माता बैठी हुई है । महावीर जयंती के दिन भी एक महिला की जान को बचाया जो कलेक्टर के बंगले के बाहर आत्महत्या कर रही थी । आपकों बता दें कि महिला अपने साथ हुई घटना के बारे में रिपोर्ट दर्ज कराने चार बार थाने गई । लेकिन थाना दूसरा लगना बताकर महिला की रिपोर्ट दर्ज नहीं की । पवन सोलंकी ने तत्काल एसएसपी से बात कर महिला की तुरंत रिपोर्ट दर्ज करवाई । कोरोना महामारी में गरीब परिवारों को दस हज़ार खाने के पैकेट बाटे । इंडिया बुल्स नामक कंपनी में 200 महिलाओं के साथ धोखाधड़ी हुई थी । सभी पीड़ित महिलाओं की कलेक्टर से बात कर तुरंत रिपोर्ट दर्ज कराई । गरीब बच्चों को चार हज़ार किताबें बांटी । नवरात्रि पर्व, गणेश चतुर्थी, कृष्ण जन्माष्टमी ,राखी ,दीवाली जैसे त्यौहारो पर पवन सोलंकी ट्रेफिक व्यवस्था संभालते हैं ताकि कानून व्यवस्था बनी रहे । पवन सोलंकी ने अपनी 15 साल की जनसेवा में कई आईपीएस अधिकारियों का भी सम्मान किया है ।

# कांग्रेस सरकार के खिलाफ होने वाले हल्ला बोल कार्यक्रम को लेकर विधायक शर्मा लेंगे मंडलवार मीटिंग



जयपुर (हमारा वतन) राजस्थान सरकार की जन विरोधी नीतियो, जनता से वादाखिलाफी, कर्जमाफी, अपराध, बिजली बिलों में वृद्धि, भर्तियों में धांधली, पानी आदि मुद्दों को लेकर विधानसभा क्षेत्र चौमूँ में 28 अक्टूबर को आयोजित होने वाले हल्ला बोल कार्यक्रम को लेकर विधायक रामलाल शर्मा दिनाँक 26 अक्टूबर को मंडलवार कार्यकर्ताओं की मीटिंग लेंगे। जिसमे भाजपा देहात मंडल बांसा कार्यकर्ताओं की मीटिंग कागलिया हनुमान मंदिर, मोरिजा रोड चौमूँ समय- 11:00 बजे, भाजपा देहात मंडल गोविंदगढ़ कार्यकर्ताओं की मीटिंग ब्राइटमून टी टी कॉलेज, कालू का बास (गोविंदगढ़) समय- दोपहर 1:00 बजे, भाजपा देहात मंडल कालाडेरा कार्यकर्ताओं की मीटिंग सरस्वती मंदिर कालाडेरा, समय- अपराहन 3:00 बजे और भाजपा नगर मंडल चौमूँ कार्यकर्ताओं की मीटिंग भाजपा कार्यालय रावण चौमूँ समय- 5:00 बजे आयोजित होगी। मीटिंग में अपेक्षित कार्यकर्ता मंडल अध्यक्ष/ महामंत्री, मोर्चा के अध्यक्ष/महामंत्री, शक्ति केंद्र प्रमुख, बूथ अध्यक्ष, सरपंच/पूर्व सरपंच/पंचायत समिति सदस्य/ पूर्व पंचायत समिति सदस्य/ जिला परिषद सदस्य/ पूर्व जिला परिषद सदस्य, पार्षद/ पूर्व पार्षद/ नगर सभी पदाधिकारी एवं अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ता शामिल होंगे।

## सत्यपाल मलिक पर महबूबा मुफ्ती ने किया 10 करोड़ का मानहानि केस, रोशनी ऐक्ट पर दिया था बयान

श्रीनगर। पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल और मेघालय के मौजूदा राज्यपाल सत्यपाल मलिक को कानूनी नोटिस भेजकर उनके खिलाफ कथित अपमानजनक टिप्पणी के लिए 10 करोड़ रुपये का मुआवजा मांगा है। कुछ दिन पहले सत्यपाल मलिक ने बयान दिया था 2001 में आए रोशनी ऐक्ट के तहत राज्य के पूर्व सीएम फारुक अब्दुल्ला, उनके बेटे उमर अब्दुल्ला और पीडीपी की मुखिया महबूबा मुफ्ती ने अपने नाम प्लॉट करा लिए थे।

## विराट बजरंग सेना का कार्यकर्ता सम्मान एवं दीवाली मिलन समारोह संपन्न



आगरा (हमारा वतन) आगरा में विराट बजरंग सेना द्वारा कार्यकर्ता सम्मान समारोह एवं दीवाली स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया । राष्ट्रीय अध्यक्ष कर्नल बजरंग सिंह ने कहा कि हम सब मिलकर भारतवर्ष को हिन्दू राष्ट्र बनाकर रहेंगे । हिंदुस्तान में रहना होगा तो जय श्री राम कहना होगा । समारोह में जिला आगरा सहित सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग सिंह ,संस्थापक सुशीला शर्मा, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष शोभा राजावत ,राष्ट्रीय प्रचारक मुकेश शर्मा , राष्ट्रीय प्रवक्ता महिला मोर्चा उषा शर्मा , प्रदेश प्रभारी अनिल चौधरी , मंडल अध्यक्ष मनोज मिश्रा,प्रदेश संगठन मंत्री मनोज शर्मा,मंडल उपाध्यक्ष महेश शर्मा, मंडल महासचिव भोले सवारियां, जिलाध्यक्ष आगरा निरंजन राजपूत, जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष गौरव श्रीवास्तव, महानगर महिला मोर्चा अध्यक्ष पूजा अग्रवाल, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष ममता सिंघल ,जिला उपाध्यक्ष स्वाति त्रिपाठी आदि मौजूद रहे ।

# पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी मुख्य सचिव निरंजन आर्य से मिले

चौमूं (हमारा वतन) पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी शासन सचिवालय, जयपुर में राजस्थान सरकार के मुख्य सचिव निरंजन आर्य से मिले। पूर्व विधायक सैनी ने मुख्य मांगों को लेकर मुख्य सचिव आर्य को ज्ञापन सौंपा।

सैनी ने ज्ञापन में मांग कि है की ग्राम पंचायत सामोद स्थित राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में संचालित विज्ञान संकाय को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में स्थानांन्तरित किया जाए। क्योंकि राजस्थान सरकार द्वारा राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय सामोद को महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम में परिवर्तन कर दिया गया है।



राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राधास्वामी बाग चौमूं, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय त्रिकुटिया, मोरीजा एवं राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय रोलानियों की ढाणी, इटावा-भोपजी राजकीय विद्यालय में भी महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय खोली जावे। मुख्य सचिव निरंजन आर्य ने पूर्व विधायक सैनी को कहा कि मांगों को लेकर जल्द ही कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी।

## जॉब्स

1. उत्तर प्रदेश नेशनल हेल्थ मिशन, पद स्टाफ नर्स, पद संख्या 2445, अंतिम तिथि 10 नवंबर 2021
2. राजस्थान रीको. पद विभिन्न. पद संख्या 217. अंतिम तिथि 13 नवंबर 2021
3. आईबीपीएस, पद पी ओ, पद संख्या 4135, अंतिम तिथि 10 नवंबर 2021
4. हरियाणा फूड कॉरपोरेशन, पद वॉचमैन, पद संख्या 380, अंतिम तिथि 19 नवंबर 2021
5. इंडियन नेवी एमआर, पद सेफ, स्टीवर्ड, हाइजीनिस्ट, पद संख्या 300, अंतिम तिथि 2 नवंबर 2021
6. वेस्ट सेंट्रल रेलवे जबलपुर, पद अप्रेंटिस, पद संख्या 2226, अंतिम तिथि 10 नवंबर 2021
7. फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एफएसएसएआई), पद असिस्टेंट, टेक्निकल ऑफीसर अन्य, पद संख्या 255, अंतिम तिथि 12 नवंबर 2021
8. इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड, पद ट्रेड और टेक्निकल अपरेंटिस, पद संख्या 1968, अंतिम तिथि 12 नवंबर 2021

## आपत्ती आमंत्रण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मैं मक्खन मीणा प्लॉट नंबर 46 गणेश विहार चौमूं ने श्री मदन मोहन सोमानी सुपुत्र श्री बद्रीनारायण सोमानी निवासी बी - 5, शिव मार्ग, बनीपार्क, जयपुर से विजयपुरा गृह निर्माण सोसायटी लिमिटेड,जयपुर की गृह निर्माण योजना महादेव नगर (प्रथम), जाटावाली भूखंड संख्या 9 में 220 वर्ग गज और भूखंड संख्या 10 में 200 वर्ग गज क्रय किया है । किसी भी व्यक्ति को इसके संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज हेतु पेश कर सकते हैं। मियाद गुजरने के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई सुनवाई नहीं की जाएगी ।

-मक्खन मीणा
संपर्क - 89833 33834

# टीना दत्ता

## ने बिना टॉप पहने ओपन जैकेट में कराया फोटोशूट, बोल्ड लुक से फिर से मचाया बवाल

'उतरन' फेम अभिनेत्री टीना दत्ता टीवी की बोल्ड अदाकाराओं में से हैं। वह सीरियल में तो 'संस्कारी बहू' वाली इमेज में दिखती हैं लेकिन उनके फोटोशूट में उनका अलग ही अंदाज नजर आता है। कुछ वक्त पहले उन्होंने टॉपलेस फोटोशूट से तहलका मचा दिया था। अब एक्ट्रेस ने फिर से अपना ग्लैमरस लुक दिखाया है। तस्वीर क्लिक करवाते हुए टीना फुल एटीट्यूड दे रही हैं।



**बोल्ड लुक से किया हैरान**-टीना ने ग्रे कलर का लॉन्ग चेक जैकेट पहना है जिसके बटन खुले हैं। उन्होंने जैकेट के अंदर कोई टॉप या इनर वियर नहीं पहना हुआ है। ब्लैक शॉर्ट्स के साथ उन्होंने हाई हील्स और सनग्लासेस कैरी किए हैं। जाहिर है इंटरनेट पर आग लगाने के लिए टीना की ये तस्वीर काफी थी। उन्होंने अपने बालों को मेस्सी रखा और न्यूड लिपस्टिक लगाई हुई है।

**लुक्स से मैच करता कैप्शन**-फोटो के साथ टीना ने कैप्शन में लिखा, 'सेक्सी होना केवल एटीट्यूड में है ना कि आप जो कपड़े पहनते हैं। आपका एटीट्यूड आपकी विनम्रता तय करती है ना कि वो कपड़े जो आप पहनते हैं।'

**वायरल हुई थीं फोटोज**-टीना दत्ता ने इंस्टाग्राम पर अपनी टॉपलेस फोटोज शेयर की थीं। उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गई थी।

**'उतरन' से हुई मशहूर**-वर्कफ्रंट की बात करें तो टीना दत्ता पिछली बार सुपरनैचुरल शो 'डायन' में दिखी थीं। उन्होंने अपना डेब्यू बाल कलाकार के तौर पर बंगाली फिल्म 'पिता माता संतान' से की थी। टीना को कलर्स टीवी के सीरियल 'उतरन' से लोकप्रियता मिली। उन्होंने इच्छा का रोल किया था।

# क्यों जरूरी है आपके लिए काम से ज्यादा मानसिक स्वास्थ्य को अहमियत देना

आगे बढ़ने की दौड़ में, हम अक्सर अपने मानसिक स्वास्थ्य की उपेक्षा करते हैं, और फिर नतीजों का सामना करते हैं। यहां जानिए कि आपको काम के आगे इसे प्राथमिकता क्यों देनी चाहिए।डॉ रीति (बदला हुआ नाम) अमेरिका में एक वरिष्ठ रेडियोलॉजिस्ट थीं, जिनकी शादी एक चिकित्सक से हुई थी और उनकी एक सुंदर बेटी भी थी। उनके पास एक प्यारा सा घर था, और वह समय पर अपने बिलों का भुगतान भी कर रही थी। वह अस्पताल में थी, जब उन्हें एक पत्र मिला कि उन्हें काम से निकाल दिया गया है। यह जानकर वह स्तब्ध रह गईं। आठ साल से अधिक समय तक चिकित्सा का अध्ययन करने के बाद और कॉलेज में स्वर्ण पदक प्राप्त करने के बाद,भी उन्हे निकाल दिया गया था। उनकी बुद्धि और ज्ञान पर किसी प्रकार का संदेह नहीं किया जा सकता था। तो, ऐसा क्यों हुआ?पिछले कुछ वर्षों में, रीति जैसे कई लोग अपने जीवन, करियर और परिवार के निर्माण के लिए अपना समय और प्रयास लगा रहे थे। लेकिन कोविड -19 के भयावह चेहरे ने कुछ महत्वपूर्ण सबक दिए हैं। अब समय आ गया है कि हम उन्हें समझें।



**स्वास्थ्य कितना महत्वपूर्ण है?**

भारत में स्वास्थ्य प्राचीन काल से एक जीवन शैली रही है। अनुष्ठानों और प्रथाओं के अनुशासन को स्वास्थ्य के साथ जोड़ा गया था। लेकिन महामारी ने मानव जाति को उनके जीवन को प्रतिबिंबित करने और रीसेट करने के लिए विराम दिया था, चाहे वे किसी भी जीवन-स्तर पर हों। दिन के अंत में, मनुष्य अपनी बुद्धि के स्तर, उच्च योग्यता और उपलब्धियों के बावजूद भावनाओं से प्रेरित होते हैं।

**मानव मन कैसे कार्य करता है?**

उचित रूप से प्रदर्शन करने के लिए, मानव मन को संरेखित और सिंक्रनाइज़ किया जाना चाहिए। दिन-प्रतिदिन के आधार पर, भीतर भावनात्मक रुकावटों का निरीक्षण करना आसान होता है। हालांकि, हमारे जीवन में कई चर के कारण इसे अनदेखा किया जा रहा है। हम कई विकृत विचारों के जाल में फंसकर, स्वयं और दूसरों के साथ हमारे संबंधों को बाधित करने लगते है।वर्षों से, मानसिक स्वास्थ्य को आठ कल्याण आयामों का हिस्सा माना जाता रहा है। हालांकि, मानसिक कल्याण आठ कल्याण आयामों की एक भुजा नहीं है। अर्थात शारीरिक, पेशेवर, मानसिक, संबंध, वित्तीय, व्यावसायिक, बौद्धिक और आध्यात्मिक। मानसिक स्वास्थ्य केंद्रीय स्वास्थ्य है और बाकी सात इसकी भुजाएं हैं।मानव की इच्छाएं असीम हैं और इसे पूरा करने की जिद मानसिक दबाव का कारण बनती हैं। सद्भाव और लचीलापन मानव जीवन का स्वभाव है। स्वस्थ शरीर और लचीला मन, जीवन को संभालने और वापस खड़े होने के लिए आवश्यक हैं। अधिकांश समय, मानसिक शांति और आराम के बीच अंतर करने के लिए इसे अनेक प्रयासों की आवश्यकता होती है। प्रत्येक व्यक्ति की खूबियां स्वयं की एक मजबूत भावना की मांग करती हैं। जो उनकी मौलिक प्रेरणा से उत्पन्न होती है।

## त्योहारों के इस मौसम में थोड़ी मिठास घोलने के लिए बनाएं सीताफल बासुंदी

अगर आप शरीफा, सीताफल या कस्टर्ड एप्पल की दीवानी हैं और इसे अपनी फेस्टिव थाली में एड करना चाहती हैं, तो हमारे पास आपके लिए एक मिठास भरी रेसिपी है।कस्टर्ड एप्पल जिसे सीताफल या शरीफा के नाम से भी जाना जाता है, एक स्वादिष्ट फल है, जो काफी लोकप्रिय है। इस नरम और मलाईदार फल का छिलका सख्त होता है और यह पोषक तत्वों से भरपूर होता है।सीताफल कई स्वास्थ्य लाभ प्रदान करता है, क्योंकि इसमें एंटीऑक्सीडेंट होते हैं और मैग्नीशियम और पोटेशियम जैसे पोषक तत्वों में उच्च होता है। इस फल की सबसे अच्छी बात यह होती है कि यह मीठा होने के बावजूद डायबिटीज के मरीजों के लिए फायदेमंद है। ऐसा इसलिए क्योंकि इसका गलाइसेमिक इंडेक्स कम होता है। करवाचौथ और दिवाली का त्योहार नजदीक है, ऐसे में हम आपके लिए लाए हैं सीताफल बासुंदी की रेसिपी जो बेहद स्वादिष्ट और पौष्टिक है।

सीताफल की बासुंदी बनाने के लिए आपको चाहिए

डेढ़ लीटर दूध, एक बड़ा सीताफल / शरीफा, आधा कप ब्राउन शुगर या गुड़, केसर के 7- 8 रेशे, बारीक कटे हुए सूखे मेवे गार्निशिंग के लिए

**सीताफल की बासुंदी बनाने की विधि**-सबसे पहले सीताफल के बीज को हटाकर इसके गूदे को फ्रिज में रख दें। अब एक गहरे नॉन स्टिक पैन में दूध उबालें। आंच को धीमा रखें और लगातार चलाते हुए उबाल लें। जब तक कि यह अपनी मूल मात्रा से आधा न रह जाए।




# *Prabhas Birthday*: ...तो फिल्मों में नहीं होटल बिजनेस में होते प्रभास, एक्टर का पूरा नाम भी नहीं जानते होंगे आप

'बाहुबली' फेम अभिनेता प्रभास अपना 42वां जन्मदिन सेलिब्रेट कर रहे हैं। एसएस राजमौली की फिल्म से वह पूरे देश में पॉपुलर हो चुके हैं। प्रभास सोशल मीडिया पर खुद उतने एक्टिव नहीं है लेकिन उनके नाम से फैन्स आए दिन ट्रेंड चलाते रहते हैं। प्रभास ने अपने करियर की शुरुआत 2002 में तेलुगू फिल्म 'ईश्वर' से की थी। हिन्दी में उनकी पहली फिल्म 'एक्शन जैक्शन' है, इसमें उनका स्पेशल अपीयरेंस था। आज प्रभास के जन्मदिन पर बताते हैं उनसे जुड़ी ऐसी ही कुछ खास बातें।



**ये है पूरा नाम**-बहुत ही कम लोगों को पता होगा प्रभास का पूरा नाम उप्पलपति वेंकट सत्यनारायण प्रभास राजू है। स्क्रीन पर उन्होंने अपना नाम केवल प्रभास रखा। वह भारतीय सिनेमा के सबसे ज्यादा फीस लेने वाले अभिनेताओं में से हैं।

**होटल बिजनेस के क्षेत्र में रुचि**-प्रभास अपने कई इंटरव्यू में बता चुके हैं कि वह खाने के काफी शौकीन हैं। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि अगर वह एक्टिंग के क्षेत्र में कामयाब नहीं हो पाते तो होटल बिजनेस में होते। एक फूडी के तौर पर उन्हें खाने में बटर चिकन और बिरयानी पसंद है।

**राजकुमार हिरानी के बड़े फैन**-प्रभास निर्देशक राजकुमार हिरानी के बहुत बड़े प्रशंसक हैं। उन्होंने बताया है कि हिरानी की '3 इडियट्स' और 'मुन्नाभाई एमबीबीएस' 20 से ज्यादा बार देखी है। वह हॉलीवुड एक्टर रॉबर्ट डी नीरो के भी बहुत बड़े प्रशंसक हैं।

**5 साल तक साइन नहीं की कोई और फिल्म**-फिल्मों को लेकर उनकी प्रतिबद्धता इस कदर है कि 'बाहुबली' के किरदार में ढलने के लिए फिटनेस पर खूब मेहनत की। यही नहीं करीब 5 साल तक 'बाहुबली' करने के दौरान उन्होंने किसी और प्रोजेक्ट को साइन नहीं किया।



## भारत-इंग्लैंड पांचवा टेस्ट अगले साल

# टीम इंडिया के पास 15 साल बाद सीरीज जीतने का मौका, कोरोना के कारण रद्द हुआ टेस्ट 2022 में होगा

नई दिल्ली। इंग्लैंड में इस साल कोरोना के कारण रद्द हुआ 5वां टेस्ट मैच भारतीय टीम अगले साल जुलाई में खेलेगी। BCCI और इंग्लैंड बोर्ड के बीच बातचीत के बाद यह फैसला लिया गया है। इंग्लैंड बोर्ड ने अपने बयान में कहा, इंग्लैंड-भारत की पुरुष टीम के बीच टेस्ट सीरीज का 5वां मैच जो कोरोना के कारण रद्द कर दिया गया था, अब जुलाई 2022 में खेला जाएगा। दरअसल, 2021 सीरीज का ये 5वां टेस्ट मैच 10 से 14 सितंबर के बीच मैनचेस्टर में खेला जाना था, लेकिन इसे पहले दिन की सुबह ही रद्द कर दिया गया था। भारतीय टीम में कोविड-19 के मामले सामने आने के बाद टीम ने मैदान पर उतरने से इनकार कर दिया था। इंग्लैंड के कई पूर्व खिलाड़ियों ने इसकी निंदा भी की थी। उनका कहना था कि टीम इंडिया IPL खेलने के कारण ये टेस्ट मैच रद्द कर रही है। 5 मैचों की सीरीज में टीम इंडिया फिलहाल 2-1 से आगे है। टीम इंडिया के मुख्य कोच रवि शास्त्री, फील्डिंग कोच आर श्रीधर, गेंदबाजी कोच भरत अरुण और फिजियो नितिन पटेल और सहायक फिजियो योगेश परमार कोरोना पॉजिटिव पाए गए थे।

**2007 के बाद भारत ने इंग्लैंड में नहीं जीती सीरीज**-भारत के पास इस बार इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज जीतने का सबसे बढ़िया मौका था। इससे पहले भारत ने इंग्लैंड को उसी के घर में 1971 में तीन मैचों की सीरीज 1-0, 1986 में तीन मैचों की सीरीज 2-0 और 2007 में भी तीन मैचों की सीरीज 1-0 से हराई थी। अब पांचवे टेस्ट को अगले साल खेला जाएगा। विराट एंड कंपनी हर हाल में ये सीरीज जीतना चाहेगी।

**2022 में भारत का इंग्लैंड दौरा**-अगले साल भारतीय टीम इंग्लैंड में टी-20 और वन-डे सीरीज भी खेलेगी।

इसका कार्यक्रम इस तरह है-7 जुलाई - पहला टी-20 9 जुलाई - दूसरा टी-20 10 जुलाई - तीसरा टी-20 12 जुलाई - पहला वनडे 14 जुलाई - दूसरा वनडे 17 जुलाई - तीसरा वनडे।

## टेस्ट क्रिकेट में पारी का आगाज करना चाहते हैं वॉशिंगटन सुंदर

नई दिल्ली। जूनियर क्रिकेट में टॉप ऑर्डर में बल्लेबाजी करने वाले वॉशिंगटन सुंदर ने खेल के सबसे छोटे फॉर्मेट में स्पेशलिस्ट स्पिनर के तौर पर अपनी पहचान बनाई, लेकिन वह भारत के लिए निकट भविष्य में टेस्ट मैचों में पारी का आगाज करना चाहते है। तमिलनाडु के 22 साल के इस खिलाड़ी ने भारत के लिए चार टेस्ट, एक वनडे और 31 टी20 इंटरनैशनल मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 32 विकेट लिए हैं। उन्होंने इसके साथ तीन अर्धशतकों की मदद से 312 रन भी बनाए हैं। ब्रिटेन में जुलाई में प्रैक्टिस मैच के दौरान हाथ की चोट ने वॉशिंगटन से आईपीएल के साथ-साथ युनाइटेड अरब अमीरात में चल रहे टी20 वर्ल्ड कप में खेलने का मौका भी छीन लिया। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में उन्हें विशुद्ध रूप से बल्लेबाज के रूप में वापसी करनी थी, लेकिन यह पता चला है कि पूरी फिटनेस हासिल नहीं करने के कारण उन्हें खेल शुरू करने के लिए जरूरी मंजूरी नहीं मिली है। बीसीसीआई की नीति के अनुसार, उन्हें बिना किसी घरेलू मैच के न्यूजीलैंड सीरीज के लिए नहीं चुना जा सकता है। वॉशिंगटन ने कहा, भारतीय टेस्ट टीम के लिए सलामी बल्लेबाज की भूमिका निभाना मेरे लिए सौभाग्य की बात होगी।



## टी-20 वर्ल्ड कप:नहीं देखा होगा कभी ऐसा,एक ही गेंद पर 3 बार रनआउट होने से बचा बल्लेबाज

नई दिल्ली। क्रिकेट के मैदान पर अक्सर ऐसी चीजें होती रहती है, जिनपर यकीन करना आसान नहीं होता है। यूएई और ओमान में खेले जा रहे टी-20 वर्ल्ड कप के एक मैच में ऐसा ही वाकया देखने को मिला, जहां बल्लेबाज एक नहीं, दो नहीं, बल्कि तीन-तीन बार रनआउट होने से बच गया। यह आयरलैंड की पारी के आखिरी ओवर का वाकया है, जहां नामीबिया की ओर से डेविड वीजे गेंदबाजी कर रहे थे। इस ओवर की लास्ट बॉल पर आयरलैंड के बल्लेबाज सिमी सिंह ने शॉट खेला ओर रन लेने के लिए दौड़ पड़े। यहां बॉलर वीजे ने फील्डिंग की और स्टम्प की तरफ गेंद फेंक दी। यहां विकेटकीपर गेंद को पकड़ नहीं सका था। इसके बाद गेंद बाउंड्री की तरफ जा रही थी। यहां दूसरे फील्डर ने गेंद पकड़ी और दोबारा कीपर की तरफ फेंकी। यहां एक बार फिर कीपर बल्लेबाज को आउट करने में नाकामयाब रहा, जिससे बल्लेबाज को दूसरा जीवनदान मिल गया। कीपर ने रनआउट न कर पाने पर दूसरे छोर पर गेंद फेंकी, लेकिन यहां दो फील्डर मिलकर भी बल्लेबाज को रनआउट नहीं कर सके।

टिकिट

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

# बढ़ती कीमतों के मायने

लोगों का ध्यान वे चीजें खींच रही हैं, जिनकी कीमतों में आए दिन इजाफा हो रहा है। इन दिनों विशेष रूप से टमाटर पर ज्यादा फोकस है, क्योंकि उसकी कीमत कुछ जगहों पर 100 रुपये के करीब पहुंच गई है। त्योहार के मौसम में फल थोड़े सस्ते हैं,



राम गोपाल सैनी

जबकि सब्जियों के दाम आसमान चढ़ रहे हैं। आम तौर पर इस मौसम में एक लोकप्रिय सब्जी फूलगोभी के भाव घट जाते थे, लेकिन अभी भी 80 रुपये के आसपास हैं और कई जगह 100 रुपये किलो भी। गरीब की थाली में सब्जियों की मात्रा घट गई है। प्याज के भाव भी चढ़े हुए हैं। कुल मिलाकर, सब्जी बाजार में तनाव है और विक्रेता भी दबाव महसूस कर रहे हैं, क्योंकि अंततः उन्हें भी अपने उपभोग के लिए सब्जियों की खरीदारी करनी पड़ती है। नवरात्र के दौरान ही टमाटर महंगा होने लगा था, लेकिन नवरात्र के खत्म होने के बाद भी निरंतर महंगा हो रहा है। जब कई जगह थोक बाजार में ही टमाटर 60-70 रुपये किलो बिक रहा हो, तब खुदरा बाजार में क्या स्थिति होगी, अनुमान लगाया जा सकता है। सब्जियों पर एक तो मौसम की मार है। देश के अनेक इलाकों में बाद तक बारिश होती रही है, इससे भी फसल पर असर पड़ा है। सब्जी बोने वाले किसान बारिश रुकने का इंतजार कर रहे थे। अनुमान है कि दो महीने के अंदर ही टमाटर और सब्जियों के भाव में गिरावट आएगी। मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक जैसे राज्यों से भी फसल आने वाली है। भारत में टमाटर की खपत भी ज्यादा है और उत्पादन भी। नेशनल हॉर्टिकल्चरल रिसर्च ऐंड डेवलपमेंट फाउंडेशन के मुताबिक, चीन के बाद दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा टमाटर उत्पादक भारत ही है। भारत 7.89 लाख हेक्टेयर क्षेत्र से लगभग 25.05 टन प्रति हेक्टेयर की औसत उपज के साथ लगभग 19.75 मिलियन टन टमाटर का उत्पादन करता है। हमें गौर करना चाहिए कि क्या टमाटर का उपयोग प्रसंस्करण के लिए बढ़ा है? क्या हमारे पास घरेलू खपत के अलावा खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को आपूर्ति के लिए पर्याप्त उत्पादन है? क्या हमने सब्जियों का उत्पादन बढ़ती मांग और समय के अनुरूप बढ़ाने के पर्याप्त उपाय किए हैं? क्या किसानों का सब्जियों के उत्पादन के प्रति लगाव बढ़ा है? यह विषय बहुत गंभीर है, क्योंकि इस क्षेत्र पर अगर हम गौर नहीं करेंगे, तो सब्जियों कीमतों को काबू में रखने में कामयाब नहीं होंगे।

## अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन वीकली के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

– सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

# पहली पोथी सम्मान योजना 2020 एवं 2021 का सम्मान समारोह आयोजित




जयपुर (हमारा वतन) पहली पोथी सम्मान योजना 2020 एवं 2021 का सम्मान समारोह गरिमापूर्ण तरीके से होटल चाणक्य चित्रकूट मार्ग वैशाली नगर में आयोजित किया गया।वर्ष 2020 के लिए श्यामसुंदर तिवारी, मध्यप्रदेश को उनके प्रथम काव्य संग्रह मैं किन सपनों की बात करूं के लिए एवं 2021 के लिए शशि पाठक को उनके प्रथम काव्य संग्रह अंतर्संवाद के लिए 11000 रुपए, सम्मान पत्र, श्रीफल एवं दुशाला ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि हिंदी एवं राजस्थानी भाषा की वरिष्ठ साहित्यकार शारदा कृष्ण एवं अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार एवं पूर्व निदेशक दूरदर्शन नंद भारद्वाज ने की। कार्यक्रम का संयोजन शिवानी शर्मा ने किया एवं संचालन आकाशवाणी की सेवानिवृत्त वरिष्ठ उद्घोषक प्रतिमा बनर्जी एवं साहित्यकार सुनीता बिश्नोलिया ने संयुक्त रूप से किया। निर्णायक मंडल 2021 की सदस्य एवं कार्यक्रम की मुख्य अतिथि शारदा कृष्ण ने अपने वक्तव्य में इस योजना पर विचार प्रकट किए , दोनों रचनाकारों को बधाई दी । उन्होंने कहा कि इस तरह के उदारवादी प्रयोग होते रहने चाहिए। पुस्तक के बारे में उन्होंने कहा कि मैं अंतर्संवाद को अंतरंग का संवाद मानती हूं। स्त्री के संघर्ष और जिजीविषा की पड़ताल करती हुई रचनाएं हैं।

पहली पोथी योजना - जीवन की दूसरी पारी में यानी कि सेवानिवृत्ति की आयु, 60 वर्ष या इस के पश्चात अपनी लेखन यात्रा प्रारंभ करने वाले वरिष्ठ जनों के प्रोत्साहन हेतु पहली पोथी योजना का शुभारंभ वरिष्ठ कवयित्री नूतन गुप्ता द्वारा सन 2020 में किया गया था । इस योजना के अंतर्गत जिन रचनाकारों की कविता की पहली पुस्तक 60 वर्ष की आयु या उसके पश्चात प्रकाशित हुई है उनसे पुस्तक की 4 प्रतियां प्रविष्टि के रूप में आमंत्रित की जाती हैं। प्राप्त पुस्तकें चार अलग-अलग निर्णायकों को प्रेषित की जाती है एवं उन्हीं के सम्मिलित परिणाम के आधार पर विजेता रचनाकार का चयन और सम्मान किया जाता है। वर्ष 2020 में कोरोना महामारी के कारण सम्मान समारोह स्थगित कर दिया गया था, इसलिए 19 अक्टूबर 2021 को साल 2020 एवं 21 के दोनों विजेताओं का सम्मान किया गया।

## सरहिन्द एवं राजस्थान फीडर के शेष रिलाइनिंग कार्य आगामी नहरबंदी के दौरान पूरा करे पंजाब : मुख्यमंत्री

जयपुर(नि.सं.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी को पत्र लिखकर सरहिन्द फीडर एवं राजस्थान फीडर के पंजाब में शेष रहे रिलाइनिंग के कार्यों को आगामी नहरबंदी के दौरान पूरा करने के संबंध में पंजाब के अधिकारियों को निर्देशित करने का आग्रह किया है। गहलोत ने पत्र में लिखा है कि सरहिन्द फीडर एवं राजस्थान फीडर के रिलाइनिंग कार्यों को मार्च-जून, 2019 से मार्च-जून, 2021 तक की तीन कार्य संचालन अवधियों में पूरा किए जाने के संबंध में एक एमओयू भारत सरकार के जल संसाधन मंत्रालय, राजस्थान सरकार एवं पंजाब सरकार के बीच 23 जनवरी, 2019 को हस्ताक्षरित हुआ था।



# चेयरमैन विष्णु सैनी ने किया राजकीय महिला महाविद्यालय में स्कूटी वितरण

जयपुर (हमारा वतन) चौमूं शहर स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय में स्कूटी वितरण समारोह आयोजित हुआ । समारोह मे मुख्य अतिथि के रुप में चेयरमैन विष्णु कुमार सैनी ने व प्राचार्य डॉ. शंभू दयाल गुप्ता ने छात्राओं को स्कूटी वितरित की। इस दौरान 7 काली बाई भील मेधावी एवं 24 देवनारायण स्कूटी योजना के अंतर्गत कुल 31 स्कूटी वितरित की। स्कूटी पाकर छात्राओं के चेहरे खिल उठे । चेयरमैन ने कहा कि आज का युग महिलाओं का युग है, महिलाएं बड़े- बड़े पदों पर आसीन हैं, महिलाएं कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है । प्राचार्य डॉ. शंभू दयाल गुप्ता ने महाविद्यालय के विकास के लिए विभिन्न मांगे रखी तो चेयरमैन विष्णु कुमार सैनी ने 20 दिवस में मांगे पूर्ण करने का आश्वासन दिया ।

# रक्त दान जीवनदान फॉउंडेशन के रक्तवीर दे रहे 24 घण्टे सेवा

फागी (हमारा वतन) रक्तदान जीवनदान फॉउंडेशन के रक्तवीर 24 घण्टे निस्वार्थ भाव से लोगों की मदद कर रहे है। रोज कम से कम 15-20 लोगों को ब्लड ,प्लाज्मा, प्लेटरेट्स का इंतजाम करा रहे है।



रक्तदान जीवनदान फॉउंडेशन के सहसंचालक राजेन्द्र चौधरी (मांदी ) फागी ने बताया कि इस वक्त डेंगू की महामारी ने लोगों की बहुत हालत खराब कर रखी है । डॉक्टरों के मुताबिक मरीज को प्लेटरेट्स की बहुत ज्यादा जरूरत बताई जा रही है।

ग्रुप में किसी भी अनजान व्यक्ति की डिमांड स्लिप आते ही ग्रुप के सदस्य डोनेट करने के लिए तैयार हो जाते है। खुद अपनी जान जोखिम में डाल कर लोगो की जान बचा रहे है। राजेंद्र चौधरी मांदी (फागी) मोहनलाल सेखवाला जमवारामगढ़, अजय घुमना दौसा, मनीष जटवाड़ा, भीमसिंह मीना, दिलखुश मीना टहटड़ा, प्रतीक, सुनील, लाला, मालवीय नगर जयपुर और भी बहुत लोग है जो इस ग्रुप में लगातार 24 घण्टे निस्वार्थ भाव से सेवा दे रहे है। आगामी साल में ग्रुप के सभी सदस्यों को राजेन्द्र चौधरी (मांदी) फागी की तरफ से सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा।

# कृष्ण भारद्वाज बने भाजपा युवा मोर्चा मण्डल मंत्री

जालसू (हमारा वतन) भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर सतीश पूनिया, भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष हिमांशु



शर्मा, जिला अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा, भाजयुमो जिला अध्यक्ष भगवान शर्मा के निर्देशानुसार भाजपा युवा मोर्चा जालसू मंडल में कृष्ण भारद्वाज को मंत्री पद पर नियुक्त किया गया है ।

भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा की नव गठित कार्यकारणी में श्रीपुरा निवासी कृष्ण भारद्वाज को जालसू मण्डल युवामोर्चा में मंत्री पद पर नियुक्त करने पर युवाओं में खुशी की लहर है ।

**खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।**

**Email-**
**hamarawatan65@gmail.com**
**9214996258, 7014468512**




RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
संरक्षक : बाबूलाल सैनी मो: 9352734588
सहायक सम्पादक: राकेश तिवाड़ी
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर शहर होगा